# हिच-हिच हिचकी

पढ़ना है समझना



***प्रथम संस्करण :*** अक्तूबर 2008 कार्तिक 1930

***पुनर्मुद्रण :*** 2009(1931); 2010(1932); 2011(1933); 2011(1933); 2014 (1936); 2015(1937); 2017(1939); 2018(1940); अगस्त 2018 श्रावण 1940; फरवरी 2019 फाल्गुन 1940; सितंबर 2020 भाद्रपद 1942; जून 2022 आषाढ़ 1944

© राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, 2008

**PD 5T RSP**

**पुस्तकमाला निर्माण समिति**

कंचन सेठी, कृष्ण कुमार, ज्योति सेठी, टुलटुल विश्वास, मुकेश मालवीय, राधिका मेनन, शालिनी शर्मा, लता पाण्डे, स्वाति वर्मा, सारिका वशिष्ठ, सीमा कुमारी, सोनिका कौशिक, सुशील शुक्ल

**सदस्य-समन्वयक** – लतिका गुप्ता

**चित्रांकन** – जोएल गिल

**सज्जा तथा आवरण** – निधि वाधवा

**डी.टी.पी. ऑपरेटर** – अर्चना गुप्ता, नीलम चौधरी, अंशुल गुप्ता, नरेन्द्र कुमार वर्मा

**आभार ज्ञापन**

प्रोफ़ेसर कृष्ण कुमार, निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली; प्रोफ़ेसर वसुधा कामथ, संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय शैक्षिक प्रोद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली; प्रोफ़ेसर के. के. वशिष्ठ, विभागाध्यक्ष, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली; प्रोफ़ेसर रामजन्म शर्मा, विभागाध्यक्ष, भाषा विभाग, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली; प्रोफ़ेसर मंजुला माथुर, अध्यक्ष, रीडिंग डेवलैपमेंट सैल, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली।

**राष्ट्रीय समीक्षा समिति**

श्री अशोक वाजपेयी, अध्यक्ष, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा; प्रोफ़ेसर फरीदा. अब्दुल्ला. खान, विभागाध्यक्ष, शैक्षिक अध्ययन विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली; डा. अपूर्वानंद, रीडर, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली; डा.शबनम सिन्हा, सी.ई.ओ., आई.एल. एवं एफ.एस., मुंबई; सुश्री नुज़हत हसन, निदेशक, नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली; श्री रोहित धनकर, निदेशक, दिगंतर, जयपुर।

80 जी.एस.एम. पेपर पर मुद्रित

सचिव, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, श्री अरविन्द मार्ग, नयी दिल्ली 110016 द्वारा प्रकाशन प्रभाग में प्रकाशित।

**ISBN** 978-81-7450-898-0 (बरखा-सैट)
978-81-7450-869-0

*बरखा* क्रमिक पुस्तकमाला पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों के लिए है। इसका उद्देश्य बच्चों को 'समझ के साथ' स्वयं पढ़ने के मौके देना है। *बरखा* की कहानियाँ चार स्तरों और पाँच कथावस्तुओं में विस्तारित हैं। *बरखा* बच्चों को स्वयं की खुशी के लिए पढ़ने और स्थायी पाठक बनने में मदद करेगी। बच्चों को रोज़मर्रा की छोटी-छोटी घटनाएँ कहानियों जैसी रोचक लगती हैं, इसलिए '*बरखा*' की सभी कहानियाँ दैनिक जीवन के अनुभवों पर आधारित हैं। *बरखा* पुस्तकमाला का उद्देश्य यह भी है कि छोटे बच्चों को पढ़ने के लिए प्रचुर मात्रा में किताबें मिलें। *बरखा* से पढ़ना सीखने और स्थायी पाठक बनने के साथ-साथ बच्चों को पाठ्यचर्या के हरेक क्षेत्र में संज्ञानात्मक लाभ मिलेगा। शिक्षक *बरखा* को हमेशा कक्षा में ऐसे स्थान पर रखें जहाँ से बच्चे आसानी से किताबें उठा सकें।

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

प्रकाशक की पूर्वअनुमति के बिना इस प्रकाशन के किसी भाग को छापना तथा इलेक्ट्रानिकी, मशीनी, फोटोप्रतिलिपि, रिकार्डिंग अथवा किसी अन्य विधि से पुन: प्रयोग पद्धति द्वारा उसका संग्रहण अथवा प्रसारण वर्जित है।

**एन.सी.ई.आर.टी. के प्रकाशन प्रभाग के कार्यालय**

- एन.सी.ई.आर.टी. कैंपस, श्री अरविंद मार्ग, नयी दिल्ली 110 016 **फोन** : 011-26562708
- 108, 100 फीट रोड, हेली एक्सटेंशन, होस्डेकेरे, बनाशंकरी III स्टेज, बंगलूरु 560 085 **फोन** : 080-26725740
- नवजीवन ट्रस्ट भवन, डाकघर नवजीवन, अहमदाबाद 380 014 **फोन** : 079-27541446
- सी.डब्ल्यू.सी. कैंपस, निकट: धनकल बस स्टॉप पनिहटी, कोलकाता 700 114 **फोन** : 033-25530454
- सी.डब्ल्यू.सी. कॉम्प्लैक्स, मालीगाँव, गुवाहाटी 781 021 **फोन** : 0361-2674869

***प्रकाशन सहयोग***

अध्यक्ष, प्रकाशन प्रभाग : *अनूप कुमार राजपूत*
मुख्य संपादक (प्रभारी) : *बिज्ञान सुतार*
मुख्य उत्पादन अधिकारी : *अरुण चितकारा*
मुख्य व्यापार प्रबंधक : *विपिन दिवान*

# हिच-हिच हिचकी







एक दिन मम्मी ने कचौड़ियाँ बनाईं।
रमा ने पूरी चार कचौड़ियाँ खाईं।





रमा को ज़ोर-ज़ोर से हिचकियाँ आने लगीं।
हिच-हिच-हिच-हिच





दादी जग में पानी भरकर ले आईं।
दादी ने खूब सारा पानी पीने को कहा।





रमा ने पानी पी लिया पर हिचकी नहीं रुकी ।
हिच–हिच–हिच–हिच





पापा ताली बजाने लगे।
पापा ने गाना गाने को कहा।





रमा ने गाना गाया पर हिचकी नहीं रुकी ।
हिच-हिच-हिच-हिच





भैया ने सिर के बल खड़े हो जाने को कहा।
भैया ने रमा को सिर के बल खड़ा कर दिया।





रमा उल्टी हो गई पर हिचकी नहीं रुकी ।
हिच–हिच–हिच–हिच





मम्मी भी रसोई से बाहर आ गईं।
मम्मी ने कदम-ताल करने को कहा।





रमा ने ज़ोर–ज़ोर से कदम–ताल की पर हिचकी नहीं रुकी।
हिच–हिच–हिच–हिच





तभी रानी रसगुल्ले का डिब्बा ले आई।
रानी ने कहा कि रमा ने दो रसगुल्ले खाए हैं।





रमा ज़ोर से चिल्लाई– नहीं।
वह बोली– मैंने रसगुल्ले नहीं खाए।





यह बोलकर रमा एकदम से चुप हो गई।
सब लोगों को हँसी आ गई।



सबने देखा कि रमा की हिचकी बंद हो गई थी।
हिचकी गायब।





रमा एक और कचौड़ी खाने बैठ गई।
घर के बाकी लोग भी अपनी-अपनी कचौड़ी खाने लगे।

# रमा और रानी की और कहानियाँ






















अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ncert.nic.in देखिए अथवा कॉपीराइट पृष्ठ पर दिए गए पतों पर व्यापार प्रबंधक से संपर्क करें।

स्तर 1
स्तर 2
स्तर 3
स्तर 4

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

2068

विद्ययाऽमृतमश्नुते
एन सी ई आर टी
NCERT

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
NATIONAL COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING

**ISBN** 978-81-7450-898-0 (बरखा–सैट)
978-81-7450-869-0